<u>कार्यालय मुख्य चुनाव अधिकारी, मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ, भोपाल (म.प्र.)</u>

(बी.पी.शर्मा)
मुख्य चुनाव अधिकारी,
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
इंदौर (म.प्र.)

D.O.No.:-1/2024
इंदौर, दिनांक–06.08.2024

विषयः– मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ के **ऑनलाईन** निर्वाचन संबंधी।
संदर्भः– रजिस्ट्रार जनरल महोदय, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के अर्द्धशासकीय पत्र कमांकः–A/5559 जबलपुर दिनांक– 27 जुलाई 2024

प्रिय,

श्री समरेश,.................

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से मुझे मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ के **ऑनलाइन** निर्वाचन कराने हेतु अधिकृत किया गया है।

उक्त पत्र से यह भी प्रकट है, कि माननीय उच्च न्यायालय की आई. टी.सेल टीम को भी सहायता प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अतः उक्त कार्यवाही के क्रियान्वयन हेतु संबंधित को निम्नानुसार कार्यवाही की पूर्ति किए जाने हेतु निर्देशित कर अवगत कराने का कष्ट करें:–

01 निर्वाचन हेतु Website निर्मित हो, जिसके Data Base में संघ के सभी सदस्यों के Mobile Number एवं E-mail ID उपलब्ध हो। साथ ही यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि यदि किसी न्यायाधीश ने माननीय उच्च न्यायालय में रजिस्टर्ड अपना मोबाईल नंबर परिवर्तित कर लिया है, तब ऐसी स्थिति में सभी प्रधान जिला न्यायाधीश को पत्र लिखकर ऐसे परिवर्तित मोबाईल नंबर की जानकारी दिनांक– 14.08.2024 तक प्राप्त कर ली जावे।

02. प्रस्तावित समय सारिणी निम्नवत् होगी:–

नामांकन भरने की दिनांक एवं समय	दिनांकः–21.08.2024 समय 10:00 A.M.से दिनांकः–23.08.2024 समय 05:00 P.M.तक
नाम वापसी दिनांक एवं समय	दिनांकः–24.08.2024 समय 01:00 P.M. तक
अंतिम उम्मीदवार की सूची की घोषणा	दिनांकः–24.08.2024 समय 03:00 P.M.
मतदान की तारीख एवं समय	दिनांकः–25.08.2024 (ऑनलाईन मोड) समय समय 11:00 A.M. से समय 03:00 P.M.
निर्वाचित अभ्यर्थी के नाम की घोषणा	दिनांकः–25.08.2024 को समय 05:00 P.M.

1.	वर्तमान अध्यक्ष का उद्‌बोधन एवं उनके कार्यकाल में किये गये कार्यों का विवरण	दिनांक–25.08.2024समय 10:00 A.M.से समय 10:15 A.M. तक (15 मिनट)
2.	अध्यक्ष पद हेतु समस्त उम्मीदवार द्वारा उद्‌बोधन (5–5मिनिट) (कनिष्ठ से वरिष्ठ के कम से)	दिनांक–25.08.2024समय 10:15 A.M.से
3.	ऑनलाईन वोटिंग किये जाने के संबंध में आवश्यक जानकारी	दिनांक–25.08.2024समय 10:55 A.M.से समय 11:00 A.M. तक
4.	निर्वाचित अध्यक्ष का उद्‌बोधन एवं नवीन कार्यकारिणी की घोषणा	दिनांक–25.08.2024समय 5:30 P.M.

03. नामांकन फार्म भरने एवं अपलोड करने हेतु अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को सुविधा प्रदान की जावे।

04. ऑनलाईन माध्यम से प्रस्तावित निर्वाचन हेतु Link न्यायाधीश संघ के सभी सदस्यों को उनके रजिस्टर्ड E-mail एवं SMS पर उक्त समय–सारिणी अनुसार प्रेषित् हो।

05. यह सुनिश्चित हो, कि उम्मीदवार के नाम पर Click होने की अवस्था में जहां एक बार Submit ऑप्शन जनरेट हुआ हो, तब पुनः OTP जनरेट न हो पाये, जिससे दोहरे मतदान की संभावना समाप्त की जा सके।

06. संघ के सभी सदस्यों की सुविधा हेतु एक डेमो वीडियो वेबसाइट पर अपलोड किया जावे।

07. मतदान कार्यवाही को सुगमता से किये जाने बावत् जबलपुर से ही दो न्यायिक अधिकारीगण को सहायक चुनाव अधिकारीगण के रूप में नामित किया गया है, जिनके नाम एवं मोबाईल नंबर निम्नवत् हैं:–

(i) श्री गिरीश दीक्षित, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी),जबलपुर म.प्र.
मो.नं.–9425495262

(ii) श्री शशिभूषण शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश,जबलपुर म.प्र.
मो.नं.–9425783999

08. चुनाव के एक दिन पूर्व DRY Run (पूर्वाभ्यास) की सुविधा दी जावे।

09. अंतिम परिणाम को गोपनीय रखे जाने की दृष्टि से मुख्य चुनाव अधिकारी एवं दोनों सहायक चुनाव अधिकारियों के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर प्राप्त OTP द्वारा पुष्टि होने के उपरांत ही अंतिम परिणाम दर्शित होगा।

10. मतदान में प्रयुक्त डेटा पूर्णतया गोपनीय रखा जावे एवं 30 दिवस तक सुरक्षित रखा जावे। आपत्ति आने की अवस्था में आपत्ति के निराकरण तक सुरक्षित रखा जावे।

समन्वय एवं सहयोग की अपेक्षा के साथ,

(बी.पी.शर्मा)

प्रति,

श्री समरेश सिंह, रजिस्ट्रार (आई.टी.)
मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर

प्रतिलिपिः—

1. माननीय रजिस्ट्रार जनरल म.प्र.उच्च न्यायालय, जबलपुर
2. श्री गिरीश दीक्षित, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी),जबलपुर म.प्र.
3. श्री शशिभूषण शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, जबलपुर म.प्र.
4. श्री धर्मेंद्र कुमार टाडा फैकेल्टी मैम्बर एम.पी.स्टेट ज्यूडिशियल एकेडमी एवं सचिव म.प्र. न्यायिक संघ